भारत-श्रीलंका तीसरा टी-20

# भारत की नजर क्लीन स्वीप पर

**तिरुवनंतपुरम 25 दिसंबर** 2025, भारत महिला और श्रीलंका महिला टीम के बीच तीन मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय सीरीज का तीसरा मुकाबला 26 दिसंबर 2025 को तिरुवनंतपुरम के ग्रीनफील्ड इंटरनेशनल स्टेडियम में खेला जाएगा। यह मुकाबला कई मायनों में खास है, क्योंकि यह इस मैदान पर खेला जाने वाला पहला महिला अंतरराष्ट्रीय मैच होगा।

**ग्रीनफील्ड स्टेडियम में पहली बार महिला अंतरराष्ट्रीय मैच**

**शेफाली वर्मा और जेमिमा रोड्रिग्स शानदार फॉर्म में**

**श्रीलंका को चामरी और हर्षिता से बड़ी पारी की उम्मीद**



सीरीज के शुरुआती दो मुकाबलों में भारत ने जिस तरह का दबदबा दिखाया है, उसके बाद तीसरे टी20 में भी मेज़बान टीम को प्रबल दावेदार माना जा रहा है। अब तक खेले गए दोनों मैचों में भारतीय महिला टीम ने बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों विभागों में शानदार प्रदर्शन किया है। कप्तान हरमनप्रीत कौर की अगुआई में टीम ने न सिर्फ जीत दर्ज की, बल्कि श्रीलंका को हर विभाग में पीछे छोड़ा। इसी वजह से तीसरे टी20 में भारत के जीतने की संभावना 91.5 प्रतिशत तक आंकी जा रही है, जबकि श्रीलंका के खाते में महज़ 8.5 प्रतिशत मौका दिखाया गया है। भारतीय बल्लेबाजी की बात करें तो इस सीरीज में शेफाली वर्मा और जेमिमा रोड्रिग्स सबसे बड़ा हथियार साबित हुई हैं। दूसरे टी20 में शेफाली ने नाबाद 69 रन की तूफानी पारी खेलकर मैच का रुख पूरी तरह भारत के पक्ष में मोड़ दिया। उनका स्ट्राइक रेट 200 का रहा, जो किसी भी गेंदबाजी आक्रमण के लिए चेतावनी है। वहीं जेमिमा रोड्रिग्स ने पहले मुकाबले में अर्धशतक जमाकर अपनी निरंतरता का परिचय दिया। दो मैचों में 95 रन के साथ वह फिलहाल सीरीज की सबसे सफल बल्लेबाज हैं। कप्तान चामरी अथापथु से श्रीलंका को सबसे ज्यादा उम्मीदें हैं। उन्होंने 46 रन बनाए हैं और उनका स्ट्राइक रेट 127 से ऊपर है, लेकिन टीम को उनसे एक बड़ी और मैच जिताऊ पारी की जरूरत है। अगर चामरी लय में आती हैं तो वह अकेले दम पर मुकाबले का पासा पलट सकती हैं। स्मृति मंधाना और हरमनप्रीत कौर से भी इस मुकाबले में बड़ी पारी की उम्मीद रहेगी। हालांकि दोनों ने अब तक बहुत बड़े स्कोर नहीं बनाए हैं, लेकिन उनका अनुभव किसी भी समय मैच का रुख पलट सकता है।

> कुल मिलाकर, तिरुवनंतपुरम में होने वाला यह मुकाबला जहां भारत के लिए दबदबा कायम रखने का मौका है, वहीं श्रीलंका के लिए सम्मान बचाने की लड़ाई। क्या शेफाली और जेमिमा एक बार फिर रन बरसाएंगी, या चामरी अथापथु अपनी टीम को वापसी दिला पाएंगी

आस्ट्रेलिया-इंग्लैंड बॉक्सिंग डे टेस्ट आज से

# ऑल पेस अटैक से उतरेंगे कंगारू

**मेलबर्न, 25 दिसंबर इस समर यह दूसरी बार और पिछले पांच टेस्ट में तीसरी बार होगा, जब ऑस्ट्रेलिया बिना किसी मुख्य स्पिनर के पूरी तरह ऑल-पेस आक्रमण के साथ किसी टेस्ट मैच में उतरेगी।**

बॉक्सिंग डे टेस्ट के अंतिम-12 में नाथन लियोन की जगह आए टॉड मर्फ़ी को एक बार फिर जगह नहीं मिली है। हालांकि कार्यवाहक कप्तान स्टीवन स्मिथ ने कहा है कि सिडनी टेस्ट में उनके खेलने का अच्छा मौक़ा रहेगा। माइकल नीसर, ब्रेंडन डॉजेट और जे रिचर्डसन में से कोई दो अंतिम एकादश का हिस्सा होंगे। अगर रिचर्डसन को मौका मिलता है, तो यह एशेज 2021-22 के बाद उनका पहला टेस्ट होगा। वहीं नीसर के लिए यह उनका पहला रेड-बॉल टेस्ट होगा। अब तक उन्होंने जो तीन टेस्ट मैच खेले हैं, सभी पिंक-बॉल टेस्ट रहे हैं।

इस बीच कैमरन ग्रीन को बल्ले से खराब दौर के बीच बल्लेबाज़ी क्रम में नीचे खिसकाकर नंबर 7 पर भेजा गया है। उस्मान ख़्वाजा नंबर 5 पर बल्लेबाज़ी करेंगे और फ़ॉर्म में चल रहे ऐलेक्स कैरी नंबर 6 पर बने रहेंगे। बल्ले से खराब फ़ॉर्म में चल रहे जॉश इंगलिस और अपनी बारी का इंतज़ार कर रहे बो वेबस्टर, मर्फ़ी के अलावा अंतिम-12 से बाहर होने वाले अन्य खिलाड़ी हैं। बॉक्सिंग डे (26 दिसंबर) ठंडा रहने की संभावना है। हालांकि बाद के दिनों में तापमान 30 डिग्री सेल्सियस के निचले स्तर तक पहुंच सकता है।

### ऑस्ट्रेलिया की संभावित टीम

जेक वेदराल्ड, ट्रैविस हेड, मार्नस लाबुशेन, स्टीवन स्मिथ (कप्तान), उस्मान ख़्वाजा, ऐलेक्स कैरी (विकेटकीपर), कैमरन ग्रीन, माइकल नीसर, मिचेल स्टार्क, ब्रेंडन डॉजेट/जे रिचर्डसन, स्कॉट बोलैंड.

### इंग्लैंड ने बेन डकेट का किया समर्थन

इंग्लैंड ने पिछले 24 घंटों के विवाद के बावजूद बेन डकेट का समर्थन किया है। लेकिन ऑली पोप को उनके निराशाजनक प्रदर्शन की क़ीमत चुकानी पड़ी है और जेकब बेथेल को नंबर 3 पर बल्लेबाज़ी के लिए बुलाया गया है। जोफ़्रा आर्चर साइड स्ट्रेन के कारण पूरे दौरे से बाहर हो गए हैं, जिससे गस एटकिंसन की वापसी हुई है। विशेषज्ञ स्पिनर शोएब बशीर के लिए अब भी कोई जगह नहीं है।

**इंग्लैंड की संभावित टीम :-**
जैक क्रॉली, बेन डकेट, जेकब बेथेल, जो रूट, हैरी ब्रूक, बेन स्टोक्स (कप्तान), जेमी स्मिथ (विकेटकीपर), विल जैक्स, गस एटकिंसन, ब्राइडन कार्स, जॉश टंग.

# राष्ट्रीय खेल पुरस्कारों में किसी क्रिकेटर का नाम नहीं

**नयी दिल्ली, 25 दिसंबर** वर्ष 2024 में भारत की टी 20 विश्व कप जीत और 2025 में महिला टीम की वनडे विश्व कप जीत के बावजूद किसी क्रिकेटर को राष्ट्रीय खेल पुरस्कारों में शामिल नहीं किया गया है। ध्यान देने वाली बात है कि इस साल की सिफारिशों में कोई क्रिकेटर शामिल नहीं है। आखिरी क्रिकेटर जिन्हें अर्जुन पुरस्कार मिला था, वह मोहम्मद शमी थे, जिन्हें 2023 में यह सम्मान दिया गया था।

दो बार के ओलंपिक पदक विजेता और भारतीय पुरुष हॉकी टीम के उप-कप्तान हार्दिक सिंह को राष्ट्रीय खेल पुरस्कार 2025 में प्रतिष्ठित मेजर ध्यानचंद खेल रत्न के लिए नामांकित किया गया है। खेल रत्न भारत का सर्वोच्च खेल सम्मान है, जो हर साल भारत के खेल मंत्रालय द्वारा दिया जाता है। नामांकित खिलाड़ी भारत के राष्ट्रपति से पुरस्कार को प्राप्त करते हैं। इस नामांकन को बुधवार को अवॉर्ड्स सेलेक्शन पैनल द्वारा अंतिम रूप दिया गया, जिसमें लंदन 2012 के पदक विजेता और भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) के वाइस प्रेसिडेंट गगन नारंग, मॉस्को 1980 ओलंपिक में स्वर्ण पदक विजेता हॉकी खिलाड़ी एमएम सोमैया और पूर्व बैडमिंटन स्टार अपर्णा पोपट जैसे सदस्य शामिल थे। द्रोणाचार्य पुरस्कार और ध्यानचंद लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार के लिए नामांकन बाद में घोषित किए जाने की उम्मीद है।

### नामांकन की पूरी लिस्ट

**मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार :** हार्दिक सिंह (हॉकी)
**अर्जुन पुरस्कार :** तेजस्विन शंकर (एथलेटिक्स), प्रियंका (एथलेटिक्स), नरेंद्र (मुक्केबाजी), विदित गुजराती (शतरंज), दिव्या देशमुख (शतरंज), धनुष श्रीकांत (बधिर शूटिंग), प्रणति नायक (जिमनास्टिक), राजकुमार पाल (हॉकी), सुरजीत (कबड्डी), निर्मला भाटी (खो खो), रुद्रांश खंडेलवाल (पैरा-शूटिंग), एकता भ्याण (पैरा-एथलेटिक्स), पद्मनाभ सिंह (पोलो), अरविंद सिंह (रोइंग), अखिल श्योरण (शूटिंग), मेहुली घोष (शूटिंग), सुतीर्था मुखर्जी (टेबल टेनिस), सोनम मलिक (कुश्ती), आरती पाल (योगासन), त्रिशा जॉली (बैडमिंटन), गायत्री गोपीचंद (बैडमिंटन), लालरेम्सियामी (हॉकी), मोहम्मद अफसल (एथलेटिक्स), पूजा (कबड्डी)

# अल्काराज ने कमाए 21 मिलियन डॉलर से अधिक

## जैनिक सिनर ने कमाए 19,120,641 डॉलर

**नयी दिल्ली, 25 दिसंबर** स्पेन के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज इस वर्ष एटीपी पुरस्कार राशि के रूप में सर्वाधिक 21,354,778 डॉलर से अधिक की कमाई कर इस मामले में शीर्ष पर हैं।

इसी के साथ छह बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन अल्काराज ने करियर पुरस्कार राशि के रूप में 60 मिलियन डॉलर का आंकड़ा भी पार कर लिया है। इटली के जैनिक सिनर दूसरे स्थान पर हैं। उन्होंने इस वर्ष 19,120,641 डॉलर कमाए हैं। एटीपी की ओर इस सप्ताह वर्ष 2025 के लिए पुरस्कार राशि की जारी सूची के अनुसार इस मामले में जर्मनी के पेशेवर टेनिस खिलाड़ी अलेक्जेंडर ज्वेरेव 7,468,230 डॉलर के साथ तीसरे, ऑस्ट्रेलिया के एलेक्स डी मिनौर 6,666,087 डॉलर के साथ चौथे, इटली के लौरेंजो मुसेटी 6,345,640 डॉलर के साथ पांचवें, अमेरिका के दिग्गज टेलर फ्रिट्ज 5,938,539 डॉलर के साथ छठे, कनाडा के फेलिक्स ऑगर एलियासेम 5,820,031 डॉलर के साथ सातवें, अमेरिका के बेन शेल्टन 5,672,734 डॉलर के साथ आठवें, सर्बिया के नोवाक जोकोविच 5,140,175 डॉलर के साथ नौवें स्थान पर है।



> अल्काराज एटीपी इतिहास में एक सीजन में दूसरे सबसे अधिक कमाने वाले टेनिस खिलाड़ी है। वह इस मामले में नोवाक जोकोविच के 2015 के कुल 21,646,145 डॉलर से पीछे है। सिनर दो अलग-अलग सीजन में 19,120,64 डॉलर (2025) और 19,735,703 डॉलर (2024) की कमाई करने वाले पहले टेनिस खिलाड़ी भी बन गए हैं।

# 'विकसित भारत' के लिए खेल प्रमुख स्तंभ


## सांसद खेल महोत्सव के प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए बोले पीएम मोदी

**नयी दिल्ली, 25 दिसंबर** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को सांसद खेल महोत्सव के प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए राष्ट्र निर्माण और चरित्र विकास में खेलों की परिवर्तनकारी भूमिका पर जोर दिया।

प्रधानमंत्री ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उभरते खिलाड़ियों को जमीनी स्तर पर मंच प्रदान करने के लिए इस पहल की सराहना की और भारत को एक वैश्विक खेल महाशक्ति बनाने की केन्द्र सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई। श्री मोदी ने खिलाड़ियों, कोचों और आयोजकों को संबोधित करते हुए कहा कि 'सांसद खेल महोत्सव' केवल प्रतियोगिताओं की श्रृंखला नहीं, बल्कि देश के हर कोने से प्रतिभाओं को खोजने की गतिविधि है। प्रधानमंत्री ने कहा, 'पहले खेलों को अक्सर केवल एक सह-पाठ्यक्रम गतिविधि के रूप में देखा जाता था। आज हमारे युवा यह साबित कर रहे हैं कि खेल एक करियर विकल्प और राष्ट्रीय गौरव का विषय है। इस तरह की पहल यह सुनिश्चित करती हैं कि इस दौड़ में ग्रामीण भारत की प्रतिभा अनदेखी न रह जाए।' प्रधानमंत्री ने पिछले एक दशक में भारत के खेल पारिस्थितिकी तंत्र में आए बड़े बदलावों का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि ओलंपिक, पैरालंपिक और एशियाई खेलों जैसे अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारतीय खिलाड़ियों की सफलता 'टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम' (टॉप्स) और 'खेलो इंडिया' जैसी पहलों का परिणाम है। उन्होंने युवा खिलाड़ियों को चुनौतियों को अवसर के रूप में देखने के लिए प्रेरित करते हुए कहा, ' 'खेल में कोई हारने वाला नहीं होता, केवल विजेता और सीखने वाले होते हैं।

### बॉक्सर नीरज से की बातचीत

**चंडीगढ़.** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सांसद खेल महोत्सव के आखिरी दिन हरियाणा के फतेहाबाद जिले के डांगरा गांव के युवा बॉक्सर नीरज से बातचीत की। खेल कार्यक्रम का समापन समारोह समाइन गांव के स्पोर्ट्स स्टेडियम में हुआ, जहां वर्चुअल बातचीत हुई। बातचीत के दौरान, पीएम ने नीरज का गर्मजोशी से स्वागत किया और हल्के-फुल्के अंदाज में उनके हालचाल पूछे। राष्ट्रीय स्तर पर मेडल जीतने वाले बॉक्सर नीरज ने खेल में फुल-टाइम करियर बनाने की अपनी इच्छा बताई और देश के लिए ओलंपिक में गोल्ड मेडल जीतने का अपना सपना बताया।



# पीवी सिंधु चेयरपर्सन चुनी गईं

**नयी दिल्ली, 25 दिसंबर दो बार की ओलंपिक मेडलिस्ट और पूर्व विश्व चैंपियन पीवी सिंधु को बुधवार को 2026-2029 कार्यकाल के लिए बीडब्ल्यूएफ एथलीट्स कमीशन की चेयरपर्सन चुना गया।**

**बीडब्ल्यूएफ एथलीट्स कमीशन ने 2026-2029 कार्यकाल के लिए चुना**

इस भूमिका में अब पीवी सिंधु बैडमिंटन वर्ल्ड फेडरेशन (बीडब्ल्यूएफ) काउंसिल मेंबर के तौर पर काम करेंगी - जिससे खिलाड़ियों को इस संस्था के ग्लोबल गवर्नेंस में सीधी आवाज मिलेगी। नीदरलैंड की डेबोरा जिल, जो यूरोपियन गेम्स की सिल्वर मेडलिस्ट हैं, भारतीय बैडमिंटन स्टार की डिप्टी होंगी।



> सिंधु ने कहा, 'साथी एथलीटों द्वारा यह ज़िम्मेदारी सौंपना मेरे लिए सम्मान की बात है, जिसे मैं विनम्रता और कृतज्ञता के साथ स्वीकार करती हूं। मैं पिछले कार्यकाल में किए गए असाधारण काम के लिए ग्रेसिया पोली को भी दिल से धन्यवाद देना चाहती हूं।'

एक नजर में

### इस्तिकलोल ने एफसी गोवा को हराया

**मडगांव (गोवा).** इस्तिकलोल ने एएफसी चैंपियंस लीग टू 2025-26 के आखिरी ग्रुप डी मैच के दूसरे हाफ में शानदार वापसी करते हुए एफसी गोवा को 2-1 से हराया। पंडित जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम में बुधवार रात खेले गये मुकाबले में घरेलू टीम एफसी गोवा के लिए डेजान ड्राजिक ने आठवें मिनट में गोल दाग कर अपनी टीम को बढ़त दिलाई। इस्तिकलोल ने सात मिनट बाद जवाबी हमला किया। अमीरबेक जुराबोएव ने दूर से गोल करने का प्रयास किया। इसके एक मिनट बाद सियावश हगनाजारी ने गोल करने का प्रयास किया लेकिन शॉट बार से टकरा गया। कुछ ही देर बाद एफसी गोवा के इकर गुआर्रोत्सेना ने बढ़त को दोगुना करने का प्रयास किया लेकिन विपक्षी टीम के निकाला स्टोसिस ने उनके शॉट को रोक लिया। इसके बाद स्पेनिश फॉरवर्ड ने कॉर्नर से मिले मौके पर हेडर से किया गया अपना शॉट बार के ऊपर मार दिया। पहले हाफ के बाद एफसी गोवा ने 1-0 से बढ़त को बनाये रखा। दूसरे हाफ में ताजिकिस्तान की टीम ने जोरदार वापसी की, कोमोलाफे ने हर्ष पात्रे के खराब बैकपास का फायदा उठाया और शर्मा को चकमा देकर 53वें मिनट में गोल दाग कर स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया। इसके बाद पोल मोरेनो ने हैंडबॉल के लिए पेनल्टी दे दी और आमिरबेक जुराबोव ने 56वें मिनट में स्पॉट से गोल करके अपनी टीम को विजयी बढ़त दिला दी। एफसी गोवा ने स्कोर को बराबर करने भरपूर प्रयास किया। लेकिन वे इसमें विफल रहे और इस्तिकलोल ने 2-1 जीत हासिल कर ली।

### जीव ने 13 साल के खिताबी सूखे को किया खत्म

**कोलंबो (श्रीलंका).** भारत के गोल्फ लीजेंड जीव मिल्खा सिंह ने कई युवा और अनुभवी सितारों को हराकर आईजीपीएल के पहले सीजन में जीत दर्ज करते हुए 13 साल के खिताबी सूखे का भी अंत कर दिया। जीव मिल्खा सिंह ने रॉयल कोलंबो गोल्फ कोर्स के ग्रीन्स पर अपने युवा प्रतिद्वंद्वियों को बेहतरीन सबक सिखाया। दूसरे दिन के सामान्य प्रदर्शन के बाद, जीव ने पटिंग ग्रीन पर लगभग आधा घंटा बिताया। जिसका फायदा उन्हें मिला, क्योंकि उन्होंने शानदार पटिंग की और अपने बेहतरीन आयरन प्ले को और बेहतर बनाया। उन्होंने अपने अप्रोच शॉट 5-10 फीट के अंदर मारे। एक समय पर उन्होंने लगातार पांच बर्डी और छठे और 14वें होल के बीच नौ होल में सात बर्डी बनाई। आर्यन रूपा आनंद से दो शॉट पीछे शुरू करते हुए, जीव, जो दस दिन पहले 54 साल के हुए थे, ने 6-अंडर 65 के साथ कुल 15-अंडर का स्कोर बनाकर समय को पीछे छोड़ दिया। उन्होंने आर्यन को एक शॉट से हराया। आर्यन (68) को प्ले-ऑफ में जाने के लिए पार-4 18वें होल पर ईगल की जरूरत थी, लेकिन वह केवल बर्डी ही कर पाए और 14-अंडर के स्कोर के साथ अकेले दूसरे स्थान पर रहे। जैसे ही जीव ने अपना पहला आईजीपीएल खिताब जीता,

# किसान का बेटा बना क्रिकेट का सितारा

## पिता के त्याग और पढ़ाई-क्रिकेट के संतुलन से रचा इतिहास



**नयी दिल्ली, 25 दिसंबर** भारतीय क्रिकेट में जब भी किसी असाधारण प्रतिभा का उदय होता है, उसके पीछे संघर्ष, परिवार का त्याग और मजबूत इरादों की कहानी जरूर होती है।

वैभव सूर्यवंशी की कहानी भी ऐसी ही है, लेकिन यह इसलिए खास बन जाती है क्योंकि यह कहानी बिहार के एक साधारण किसान परिवार से निकलकर क्रिकेट की सबसे बड़ी चमकदार दुनिया तक पहुंचने की है। बहुत कम उम्र में जिस तरह वैभव ने अपनी बल्लेबाजी से सबका ध्यान खींचा है, उसने उन्हें भारतीय क्रिकेट का भविष्य कहा जाने लगा है। वैभव सूर्यवंशी का जन्म बिहार के एक छोटे से गांव में हुआ। उनके पिता पेशे से किसान रहे हैं। सीमित आय और संसाधनों के बावजूद उन्होंने अपने बेटे के सपनों को कभी छोटा नहीं होने दिया। गांव की मिट्टी में खेलते हुए जब वैभव ने पहली बार बल्ला थामा, तभी पिता को अहसास हो गया था कि उनके बेटे में कुछ अलग बात है। इसके बाद शुरू हुआ एक ऐसा सफर, जिसमें खेत, स्कूल और क्रिकेट मैदान—तीनों एक साथ चले।

> आज वैभव सूर्यवंशी सिर्फ एक उभरता हुआ क्रिकेटर नहीं, बल्कि उन लाखों बच्चों की उम्मीद हैं जो छोटे गांवों और सीमित साधनों से बड़े सपने देखते हैं। एक किसान पिता का बेटा, जिसने स्कूल की पढ़ाई के साथ क्रिकेट को साधा और मेहनत के दम पर देशभर में पहचान बनाई—वैभव की कहानी यही सिखाती है कि सपनों की कोई उम्र और सीमा नहीं होती।

# प्री-क्वार्टर में श्रुति, पारुल, तन्वी

**विजयवाड़ा, 25 दिसंबर** अनुभवी श्रुति मुंडाडा, पारुल चौधरी और उभरती हुई स्टार तन्वी पात्री ने गुरुवार को यहां सीनियर नेशनल बैडमिंटन चैंपियनशिप में ऊंची रैंक वाली खिलाड़ियों को हराकर उलटफेर किया और महिला सिंगल्स के प्री-क्वार्टर फाइनल में जगह बनायी।

**ऊंची रैंक वाली खिलाड़ियों को हराया**

श्रुति ने सातवीं वरीयता प्राप्त जिया रावत को 21-14, 21-9 से हराया, जबकि पारुल ने नौवीं वरीयता प्राप्त खिलाड़ी को 18-21, 21-18, 21-12 से हराकर अगले दौर में जगह बनाई। तन्वी पात्री ने भी आठवीं वरीयता प्राप्त इशारानी बरुआ को 22-20, 21-19 से हराकर टूर्नामेंट से बाहर कर दिया। अगले दौर में पहुंचने वालों में टॉप सीड उन्नति हुड्डा, दूसरी सीड अनुपमा उपाध्याय, तीसरी सीड अनमोल खरब और विश्व जूनियर रजत पदक विजेता तन्वी शर्मा भी शामिल हैं। पुरुष सिंगल्स में, आर्यमन टंडन ने राउंड ऑफ 32 में तीसरी वरीयता प्राप्त एम रघु को 17-21, 21-11, 21-14 से हराकर उलटफेर किया।

हॉकी 2025 | जीत और हार दोनों की सच्ची तस्वीर

# भारतीय टीम ने पुरानी प्रतिभा और संघर्ष को दिखाया

**नई दिल्ली 25 दिसम्बर. 2025** भारतीय हॉकी के लिए एक ऐसा वर्ष रहा जिसमें टीम ने अपनी पुरानी प्रतिभा और संघर्ष दोनों को दिखाया। जहाँ एक ओर टीम ने एशिया कप जैसे बड़े टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन कर खिताब जीता, वहीं कुछ मुकाबलों में हार भी झेली, जिसने यह दर्शाया कि सुधार और मजबूती की जरूरत अभी भी बनी हुई है। सबसे बड़ा गौरव भारत के हॉकी एशिया कप 2025 के फाइनल में देखने को मिला, जहाँ भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने दक्षिण कोरिया को 4-1 से हराकर खिताब अपने नाम किया।

इस मुकाबले में भारत ने शुरुआत से ही बढ़त बनाई और अपने दबदबे वाले खेल से विरोधी टीम को नियंत्रण में रखा। सुखजीत सिंह, डिलप्रीत सिंह और अमित रोहिदास ने गोल करके टीम की जीत को सुनिश्चित किया। यह जीत खास इसलिए भी महत्वपूर्ण थी क्योंकि यह भारत का आठ साल बाद एशिया कप खिताब था और इससे टीम ने अगले साल होने वाले विश्व कप के लिए सीधा क्वालीफाई भी कर लिया।

**2025 में भारत ने एशिया कप का खिताब 4-1 से जीता**

**सुल्तान अजलान शाह कप और विश्व कप क्वालीफायर में बड़ी जीतें भी रहीं**

एशिया कप के दौरान भारत ने सुपर-4 चरण में चीन को 7-0 के बड़े अंतर से हराकर अपनी ताकत का परिचय दिया। इस मैच में टीम के कई खिलाड़ियों ने गोल किए और टीम ने सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की की। इस तरह के बड़े अंतर वाली जीत ने दर्शाया कि टीम गंभीर मुकाबलों में अपना श्रेष्ठ स्तर दिखा सकती है। एशिया कप के पूल चरण में भी भारत ने जबर्दस्त प्रदर्शन किया। कजाकस्तान के खिलाफ टीम ने 15-0 से शानदार जीत दर्ज की, जहां टीम के सभी विभागों ने सामूहिक रूप से प्रभावी खेल दिखाया।

